22 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2023 शुभ दीपावली
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
ICHALKARANJI-MADHAVNAGAR SPECIAL EDITION
PREPARED BY LALIT SHARMA- 8003596091

# करणी टेक्सटाइल
## की 3 दिवसीय डीलर कॉन्फ्रेंस जोधपुर में होगी

इचलकरंजी

वस्त्र मण्डी में प्रतिष्ठित करणी टेक्सटाइल मिल्स प्रा.लि. 26 वर्षों की सफल यात्रा से उत्साहित होकर अब एक कदम आगे बढ़ते हुए लिनन शर्टिंग लॉन्च करते हुए जोधपुर में भव्य डीलर कॉन्फ्रेंस का आयोजन 10 से 14 दिसम्बर 2023 को कर रही है, जिसमें 250 से भी अधिक कम्पनी के ऑथोराइज्ड डीलर्स के आने की संभावना है। कम्पनी द्वारा इस कॉन्फ्रेंस में टॉप 3 अवार्ड एवं सारे व्यापारियों को भी सम्मानित करने की योजना पर कार्य कर रही है। जिससे व्यापारियों का जोश और भी दुगुना हो सकेगा। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गोपाल दास राठी ने बताया कि कंपनी की सम्पूर्ण टीम काफी उत्साहित है और अपने उत्पादों को लगातार शिखर पर पहुंचाने हेतु तत्पर है।

### लिनन कलेक्शन की भव्य लॉञ्चिंग


इस कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा लिनन शर्टिंग का भव्य डिस्प्ले करते हुए अनेक नये कलेक्शन पेश करेगी साथ ही कुर्ता कलेक्शन में एम्ब्रोयडरी, प्रिण्ट और फैन्सी फैब्रिक की विशाल रेंज का भव्य डिस्प्ले किया जाएगा।

Karni's® COTTON FABRICS

विदित रहे की कम्पनी हमेशा फैब्रिक की गुणवत्ता व सही दाम पर फोकस करते हुए अपने उत्पादों को बाजार में पेश करती आई है।

इसी कारण जो ग्राहक कम्पनी के शुरूआत से साथ जुड़ गए, वो आज तक कॉटन कपड़े के लिए किसी दूसरी यूनिट से कपड़ा नहीं लेते। कंपनी की एक टीम सदैव ग्राहकों की रूचि एवं आगे भविष्य में क्या चलने वाला है, उस पर रिसर्च करके मेनेजमेण्ट को सूचित करती रहती है। कंपनी ने इरोड़ में अपनी एक शाखा खोल रखी है, जिसे वर्तमान में कंपनी के एमडी श्री गोपाल दास राठी के सुपुत्र श्री धिरिराज राठी संभाल रहे हैं। कंपनी ने अपना इनहाउस प्रोसेस खोल रखा है, जिसमें ग्रे से लेकर फिनिश पैक होने तक तैयार होकर माल वितरण होता है। वर्तमान में कंपनी की तिसरी पीढ़ी श्री अर्चित राठी एवं श्री उज्जवल राठी पूरा काम देख रहे हैं। इस तरह कंपनी के पास अनुभवी और युवा व्यवस्थापकों का अद्भुत सम्मिश्रण है।

भविष्य की योजना के लिए कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री अर्चित राठी ने बताया की कंपनी का पुरा ध्यान प्रीमियम क्वालिटी के फैब्रिक ग्राहक तक पहुँचाने में है उसी के साथ अपना नेटवर्क और विस्तार करने में है। कंपनी ने पिछले साल से काफी डीलर नये जुड़े है और अपने मार्केटिंग क्षेत्र भी विस्तार किया है और आगे भी इसी तरह से विकास के अपेक्षा कर रही है। अब फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हैं कंपनी कॉटन सूटिंग-शर्टिंग, लाइक्रा, एम्ब्रॉयडरी, जोड़ी पैकिंग और प्रीमियम लॉन की भी बड़े पैमाने में प्रोडक्शन कर रही है।






## गारमेण्ट सेक्टर में अपनी पहचान बनाने में अग्रणी

# देवड़ा टेक्सटाइल



**इचलकरंजी/** क्वालिटीयुक्त उत्पादों में देवड़ा टेक्सटाइल आज भारत की सभी मण्डियों से अपनी पहचान कायम कर चुकी है। हमेशा समय पर डिलिवरी देने के उद्देश्य से श्री जब्बार सिंह देवड़ा निरन्तर आगे बढ़ते जा रहे है। आज फर्म की पूरी बागडौर युवा हाथों में होने से फर्म निरन्तर प्रगति की और अग्रसर है। उनके सुपुत्र श्री नरोत्तम देवड़ा एवं श्री दामोदर देवड़ा द्वारा देखी जा रही है।

शर्टिंग उत्पादन में हर वर्ष इनोवेशन करने में अग्रणी देवड़ा टेक्सटाइल अपने व्यापारियों को डिमांड के साथ कपड़ा सप्लाई करने में हमेशा आगे रहा है। इसी इनोवेशन की बदौलत फर्म हर वर्ष ग्रोथ के नए आयाम तय कर रही है।

### विस्तृत फैब्रिक रेंज

श्री नरोत्तम देवड़ा ने बताया कि फर्म द्वारा निरंतर अपने व्यापारियों की टेस्ट के अनुसार फैब्रिक का उत्पादन किया जा रहा है। इसके साथ हम इस बात पर भी विशेष ध्यान देते हैं कि हर एरिया वाइज उनके टेस्ट अनुसार निरन्तर व समय पर उन्हें सही फैब्रिक उपलब्ध हो सके। इस सीजन हेतु शर्टिंग फैब्रिक में 58'' शर्टिंग में नित नये डेवलपमेंट कर रहे हैं।

**58'' शर्टिंग में अनेक क्वालिटियों एवं डिजाइंस में विख्यात**

दीपावली की अच्छी डिस्पैच के बाद अब हमारा फोकस आगामी वैवाहिक सीजन की ओर होता जा रहा है। इस हेतु हमारे द्वारा प्रिंट, चेक्स, डोबीज, प्लेन, जेकार्ड, फाइन काउंट फैब्रिक का निरंतर बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा है। इसके अलावा फैंसी यार्न, लिनन, कॉटन तथा रेयॉन की अनेक नई क्वालिटियाँ डवलप कर मार्केट में डिमांड के साथ सप्लाई की जा रही है। साथ ही एक्सपोर्ट की तरफ अग्रसर होते हुए रेडीमेड गारमेंट के क्षेत्र में अपने पांव पसारने को तैयार हैं। आज हमारी क्वालिटियों को संपूर्ण भारत की मंडियों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है तथा रेडीमेड गारमेंट को भी फैब्रिक सप्लाई कर रहे हैं। इसके अलावा बड़े पैमाने पर प्रोग्राम बेस क्वालिटियों को सप्लाई किया जा रहा है।

58'' शर्टिंग में लिनन के साथ-साथ फैंसी यार्न की बेहतरीन क्वालिटियों के कारण शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। दीपावली की सीजन के अंतर्गत हमारे द्वारा वेल्यू एडिशन की विस्तृत रेंज बाजार में लांच की गई थी, जिसे संपूर्ण भारत की मण्डियों से शानदार बुकिंग मिली।

उन्होंने बताया कि वेल्यू एडिशन की विशेष डिमांड को ध्यान में रखते हुए नए कलर चार्ट तैयार कर पोस्टर रेंज को मार्केट में सप्लाई कर रहे हैं। हम आगामी सीजन पर विशेष फोकस करते हैं, इसलिए हमारे ग्राहक हमारे साथ संतुष्ट हैं। फर्म का मानना है कि सीजन के अनुसार समय पर माल की डिलिवरी, अच्छा कलेक्शन और बेहतरीन डिजाइनिंग देना अच्छे व्यापार की निशानी है, जिस पर देवड़ा टेक्सटाइल की पूरी टीम सजग एवं पैनी नजर से कार्य करती है।

### मार्केटिंग नेटवर्क

श्री देवड़ा ने कहा कि कम्पनी ने हमेशा अपने व्यापार को प्राथमिकता देते हुए अपने फैब्रिक की क्वालिटी पर विशेष ध्यान दिया है। इसी कारण आज कम्पनी द्वारा सम्पूर्ण भारत की मण्डियों में अपने वेल्यू एडिशन फैब्रिक को पहुंचा रहे हैं, साथ ही मार्केट में निरन्तर डिमाण्ड बनी हुई है।

HAPPY Diwali
next generation of clothing
DEORA TEXTILES
MFG. FANCY SHIRTING & GREY FABRICS
DEORA TEXTILES
"Deora House", New BJP Textile Market, Near Vardhman Chowk, ICHALKARANJI- 416 115 (M.H.)
Ph.: 0230 2433619 | Mob: 93739-13002 | 94688-33143 | Email.: nsdeora555@gmail.com

HOUSE OF JK DHOOT
BADRIVISHAL
Quality Fabrics For Quality People ...
FOCUSED TO PORTRAY YOUR IMAGINATION ON FABRIC




BADRIVISHAL FASHIONTEX PVT. LTD.
10/585, "Shri Mohan Niketan", Mahesh Nagar, ICHALKARANJI - 416 115. Dist. Kolhapur (M.S.)
+ 91 - 230 - 2427147 +91 8625882422
E-mail : contact@badrivishalgroup.com www.badrivishalgroup.com





# WE DEAL IN

## COTTON | LINENS | LYCRA FABRICS

With The Largest Collection of Dyed Shirting & Printed Fabrics We Come as a One-Stop Solution For All Your Dyed Fabric Need.

**PRIYALAXMI TEXTILE MILLS PVT. LTD.**
Ichalkaranji, Dist. Kolhapur.
sales@priyalaxmi.com

For Sales & Enquiries
Please Contact
+91 914 666 1 666

CERTIFIED COMPANY ISO 9001:2015

Specialised in
DYED | RFD | PRINTED
FABRICS

# सुपीरियर क्वालिटी फिनिश्ड फैब्रिक देने को तैयार माइक्रोटेक्स प्रोसेसर्स प्रा.लि.

इचलकरंजी/ ग्रे फैब्रिक के लिए मशहूर इचलकरंजी वस्त्र मंडी में दिनों-दिन नये-नये नवाचार देखने को मिल रहे है। हर वर्ष कुछ नया करने की चाह के साथ यहां के उद्यमियों निरन्तर प्रगति पथ पर कार्यरत है। बदलते ट्रेण्ड को ध्यान में रखते हुए अब इस मंडी में फिनिश शर्टिंग फैब्रिक में निरन्तर आगे बढ़ती जा रही है। यहां के उद्यमियों के लिए अब अच्छे प्रोसेस की स्थापना हो रही है। जिसमें माइक्रोटेक्स प्रोसेसर्स प्रा. लि. की शुरूआत होने जा रही है। विदित रहे की दि स्टेट ऑफ आर्ट प्रोसेसिंग और मार्केटिंग में वैल्यू ऐडेड सर्विस देना प्रमुख लक्ष्य है, यूनिट अत्याधुनिक मशीनों से लबरेज है। केन्द्र सरकार की पीएलआई स्कीम के तहत यह मान्यता प्राप्त यूनिट है। व्यापार की आवश्यकताओं के अनुरूप उद्योगों को अपग्रेड करके उत्पादन व निर्यात को विश्वस्तरीय बनाया जा सके, इसके लिए सरकार ने यह योजना बनाई थी। इसमें देशभर की केवल 64 इकाईयों का चयन हुआ है।

### लक्ष्य

कम्पनी की मैनेजमेण्ट टीम श्री सचिन झंवर, श्री किशोर कुमार मूंदड़ा, श्री संजय पाटनी, श्री छोगालाल वडेरा, एवं श्री संदीप पाटनी ने बताया कि हमारा उद्देश्य उपभोक्ता को वैल्यू ऐडेड सेवाएं प्रदान करना, नवीनतम तकनीक के अपग्रेडेशन व इनोवेशन से उपभोक्ता से शत प्रतिशत संतुष्टि प्राप्त करना, विश्वस्तरीय मानकों को प्राप्त करना, जिम्मेदार व विश्वसनीय संस्थान के रूप में पहचान स्थापित करना व ईको फ्रेण्डली प्रक्रियाओं के लिए प्रयास कर लागू करना।

### अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित

इस प्रोसेस ग्रह ने अल्ट्रा मॉडर्न टेक्नोलॉजी की मशीनों की स्थापना की जा रही है। इससे इन्हें उत्कृष्ट गति, पुनः उत्पादन, गुणवत्ता व वर्सेटिलिटी में सहयोग मिलता है। यहां अधिकांश मशीनें विश्व की अग्रणी मशीनें हैं। स्टेट ऑफ दी आर्ट मशीनरी विश्वस्तरीय डाईंग, प्रिण्टिंग व वूवन फैब्रिक्स की फिनिशिंग प्रदान करेगी। जिसकी 1,25,000 मीटर प्रतिदिन प्रोसेसिंग की क्षमता होगी। इसमें अत्याधूनिक कंटीन्यूअस ब्लिचिंग, मर्सराइज, रोटरी प्रिटिंग, डिजिटल प्रिटिंग इत्यादि मशीनें उपलब्ध है। यह इम्पोंटेड मशीनों से सुसज्जित प्रोसेस ग्रह है जो व्यापारियों को उम्दा एवं बेहतरीन फिनिश प्रदान करेगा।

### हर प्रकार के फैब्रिक प्रोसेसिंग की क्षमता

इस प्रोसेस ग्रह के अन्तर्गत कॉटन सूटिंग, कॉटन शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल, विस्कोस, मोडाल, टेन्सिल, लाइक्रा ब्लेण्डेड फैब्रिक्स, लिनन व ब्लेण्डेड, पोलिएस्टर/कॉटन ब्लेण्ड्स, पोलिएस्टर/ विस्कोस ब्लेण्ड्स आदि फैब्रिक की बेहतरीन फिनिश प्रदान करने की सुविधा मिलेगी।

### कपड़े की गुणवत्ता पर विशेष फोकस

कपड़े की गुणवत्ता उत्कृष्ट क्वालिटी का विशेष प्रकार से ध्यान रखा जाएगा। उनके पास जाँच के लिए टेस्टिंग सिस्टम है और लैब में विश्वस्तरीय उपकरण स्थापित हैं।

### आगामी योजना

सम्पूर्ण मैनेजमेण्ट टीम ने बताया कि आगामी योजना के तहत हमारे द्वारा स्पिनिंग युनिट की योजना बनाई जा रही है, जिससे यह ग्रुप एक कम्पोजिंट युनिट के रूप में स्थापित हो जाएगा।

### पर्यावरण पर विशेष ध्यान

टेक्सटाइल टेक्नोलोजी में सिद्धहस्त श्री संदीप पाटनी ने बताया कि प्रोसेस ग्रह में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए वर्ल्ड क्लास ETP प्लान्ट एवं वायोमास (एग्रीकल्चर वेस्ट) पर चलने वाला बॉयलर लगाया गया है, जो कोयला रहित होगा। इसके अलावा पर्यावरण की अनूकूलता के मद्देनजर विशाल पेड़-पौधों की शृंखला स्थापित है। एक मेगावाट श्रमता का सोलर प्लांट भी लगाया जा रहा है।

### पूर्व में संचालित साइजिंग यूनिट

विदित रहे कि इस नये प्रोसेस गृह की सम्पूर्ण मैनेजमेण्ट टीम द्वारा वर्ष 2014 में मार्डन साइजिंग युनिट की स्थापना की गई थी, जो स्वास्तिक डेनिम प्रा.लि. के नाम से विख्यात है। इसमें अत्याधुनिक कार्लमेयर की साइजिंग मशीनें स्थापित हैं, जिस पर विश्वस्तरीय यार्न की प्रत्येक की क्वालिटी जैसे कॉटन, विस्कोस, पीवी, पीसी, टेनसील, मोडाल 100 प्रतिशत पीएसएफ की साइजिंग की जाती है।






## सभी प्रकार की फैब्रिक सप्लाई करने में अग्रणी स्वदेशी ब्राण्ड



**इचलकरंजी/** स्थानीय वस्त्र मंडी में अपनी पहचान रखने वाले स्व. श्री मदन लाल बोहरा ने अपने ब्रांड स्वदेशी को निरंतर आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्वदेशी ब्रांड के जनक रूप में प्रख्यात स्व. बोहरा के सुपुत्र श्री निवास बोहरा ने बताया कि आज हम अपने पिताश्री के नक्शेकदम पर चलते हुए अपने ब्रांड की विश्वसनीयता को निरन्तर बनाए हुए हैं। कंपनी के सभी उत्पाद अत्याधुनिक मशीनों एयरजेट एवं रेपियर पर उत्पादित होते हैं, जिसमें हमने धोती से अपने व्यापार की शुरुआत कर आज बढ़ती प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए कॉटन शर्टिंग, सूटिंग, लॉन क्लॉथ व पोपलीन की उच्च क्वालिटी के उत्पादों का उत्पादन शुरू किया, जो संपूर्ण भारत की मंडियों में डिमांड के साथ बिक रहा है। इन सभी क्वालिटियों की फिनिश कंपनी स्वयं के अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित प्रोसेस गृह स्वदेशी डी/बी मिल्स में की जाती है, इससे कंपनी अपने उत्पादों की फिनिश पर बेहतर ध्यान रखकर मार्केट में सप्लाई करती है। आज कंपनी की संपूर्ण बागडोर स्व. श्री मदन लाल बोहरा के सुपुत्र श्री निवास बोहरा, श्री राजेन्द्र बोहरा, श्री पुरूषोत्तम बोहरा, पौत्र श्री रोहित बोहरा, श्री कृष्णा बोहरा एवं श्री राहुल बोहरा अपने इस कारोबार को निरन्तर आगे बढ़ा रहे हैं। भामाशाह के रूप में विख्यात- स्व. श्री मदन लाल बोहरा सामाजिक सरोकार के धनी थे। उन्होंने स्थानीय वस्त्र मंडी में अपने व्यापार की शुरुआत कर सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी रुचि दिखाना शुरू किया।

आज स्थानीय मंडी में गायत्री भवन, राम मंदिर, बालाजी मंदिर, पुष्कर में पारीक भवन, हरिद्वार में पारीक भवन तथा अपने पैतृक गांव नेणिया में अस्पताल, पोस्ट ऑफिस आदि बनवाने में अहम् भूमिका निभाई। इसके अलावा स्थानीय मंडी में मदन लाल बोहरा मार्केट की स्थापना कर वस्त्र व्यवसाय को नई दिशा भी दी। उनका कहना था कि हमेशा ईमानदारी से कार्य करें, तो निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। संयोग की बात है कि स्व. श्री बोहरा का देहावसान 2 मई 2021 को हुआ और उनकी पत्नी का देहावसान अगले दिन 3 मई 2021 को हुआ। इस अवसर पर संपूर्ण वस्त्र मंडी में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।






## विश्वस्तरीय फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी 'अरविन्द ग्रुप'

**इचलकरंजी/** वर्ष 1944 में स्व. श्री. दगडुलालजी मर्दा द्वारा स्थापित 'अरविंद ग्रुप' आज कॉटन एवं सिंथेटिक यार्न स्पिनिंग से लेकर गारमेंट के क्षेत्र में एक अग्रणी नाम है। 'अरविंद ग्रुप' अपना शत प्रतिशत कॉटन, पीवी, पीसी यार्न, ग्रे फैब्रिक्स, डाईड फिनिश्ड फैब्रिक्स, यूनिफॉर्म फैब्रिक्स, निटेड फैब्रिक्स व गारमेन्ट की सप्लाई पूरे भारत वर्ष एवं विदेशों में भी करता है। 'अरविंद ग्रुप' की कंपनियों में अरविंद कॉटसिन (इण्डिया) लि., अरविंद डाईंग अँड ब्लीचिंग मिल्स प्रा. लि. एवं अरविंद यूनिवर्सल टेक्सटाइल प्रा. लि. शामिल हैं।

### 1. अरविंद कॉटसिन (इण्डिया) लि.

**स्पिनिंग** - कम्पनी की 1995 में स्थापित, 25000 स्पिन्डल की स्पिनिंग मिल द्वारा घरेलू बाजार एवं इन हाऊस कन्जम्पशन के लिये कॉटन, पीवी, पीसी यार्न बनाया जाता है और इस यार्न से बनाया कपड़ा विदेशी बाजार को निर्यात किया जाता है। कम्पनी का स्पिनिंग प्लान्ट अत्याधुनिक मशीनों से लेस है और 20 से 60 काऊंट तक का उच्चतम क्वालिटी यार्न बनाया जा रहा है। यार्न क्वालिटी जांच के लिये लेबोरेटरी बनाई हुई है।

**वीविंग विभाग** - इसके तहत वुवन फैब्रिक का निर्माण और घरेलू व निर्यात बाजार के लिये मार्केटिंग की जाती है। कंपनी ने हाल ही में अत्याधुनिक तकनीक के 100 एयरजेट लूम एवं आटोमेटिक सायजिंग वार्पिंग का प्लान्ट शुरु किया है।

**प्रोसेसिंग विभाग** - यहां पर विभिन्न प्रकार के वुवन, निटेड फैब्रिक की फिनिशिंग एवं प्रोसेसिंग की जाती है। इचलकरंजी में प्रचुर क्षमता का यह प्रोसेसिंग हाऊस अत्याधुनिक लेबोरेटरी से युक्त है।

### 2. अरविंद डाईंग एण्ड ब्लीचिंग मिल्स प्रा. लि.

**स्पिनिंग** - इस कम्पनी की स्पिनिंग मिल द्वारा 100 प्रतिशत कॉटन यार्न घरेलू बाजार एवं इनहाऊस कन्जम्पशन के लिये बनाया जाता है और इस यार्न से बनाया कपड़ा विदेशी बाजार को निर्यात किया जाता है। इस कम्पनी का 2012 में स्थापित 20160 स्पिन्डल का स्पिनिंग प्लान्ट भी अत्याधुनिक मशीनें एवं लेबोरेटरी से लेस है और इसकी क्षमता में 46000 स्पिन्डल की और बढ़ोतरी की गयी है। साथ ही 12000 स्पिन्डल और लगाए जा रहे है। यहां सभी काउंट का उच्चतम श्रेष्ठ क्वालिटी यार्न बनाया जा रहा है। इस स्पिनिंग प्लान्ट की छत पर 1.85 मेगावॅट क्षमता रुफटॉप सौरऊर्जा परियोजना भी स्थापित है, जिससे निर्मित बिजली को इसी इकाई में इस्तेमाल किया जा रहा है।

**वीविंग विभाग** - इसके तहत वुवन फैब्रिक का निर्माण और घरेलू व निर्यात बाजार के लिये मार्केटिंग की जाती है।

**प्रोसेसिंग विभाग** - यहां पर विभिन्न प्रकार के वुवन, निटेड फैब्रिक की फिनिशिंग एवं प्रोसेसिंग की जाती है। प्रचुर क्षमता के इस प्रोसेसिंग हाऊस में अत्याधुनिक लेबोरेटरी भी है।

**मार्केटिंग विभाग** - अरविंद ग्रुप द्वारा बड़े स्तर पर कॉर्पोरेट खरीददारों, विभिन्न सरकारी एवम् सेमी सरकारी विभाग, नेवी, आर्मी, स्टेट ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज, पोलिस डिपार्टमेंट के साथ ही विभिन्न इन्स्टीट्युशन्स जैसे स्कूल, सिक्योरिटी एजेन्सीज, फेक्ट्रीज आदि को सभी प्रकार के फॅब्रिक्स की सप्लाई की जाती है। अरविंद ग्रुप के पास देशभर में रिटेल सप्लाई के लिये बेहतरीन और विश्वसनीय मार्केटिंग नेटवर्क है। आगामी योजना के अन्तर्गत कम्पनी द्वारा एयरजेट एवं साइझिंग यूनिट का कार्य शीघ्र चालु होने वाला है।

### 3. अरविंद यूनिवर्सल टेक्सटाइल प्रा. लि.

इस कंपनी के अंतर्गत वुवन फैब्रिक का निर्माण कर घरेलू और निर्यात बाजार के लिये मार्केटिंग की जाती है। वीविंग के लिये कम्पनी के पास सन 2005 से ऑटोमेटिक सायजिंग वार्पिंग मशिन के साथ ही टोयोटा के 100 आधुनिक एयरजेट लूम हैं, जिस पर प्रतिमाह 1.5 मिलियन मीटर्स कपड़ा बनाया जाता है।

'अरविंद ग्रुप' की स्पिनिंग प्लान्ट में यथा संभव उनके खुद की कंपनियों द्वारा स्थापित पवन ऊर्जा संयंत्रों से निर्मित बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है। अरविंद ग्रुप द्वारा महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर 15 मेगावॅट क्षमता के विंड पॉवर प्लान्ट स्थापित हैं।

नये भारत में वस्त्र उद्योग में अपार संभावनाओं के देखते हुए 'अरविंद ग्रुप' द्वारा जल्द ही 50000 स्पिंडल का मॉडर्न टेक्नोलॉजी से युक्त स्पिनिंग युनिट एवं आधुनिक तकनीक के 200 एयरजेट लूम व साइझिंग वार्पिंग युनिट लगाकर विस्तार किया जा रहा है।






**कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR)...** देश का तेजी से बढ़ता और प्रतिष्ठित ग्रुप होने के नाते 'अरविंद ग्रुप' अपने सामाजिक दायित्व को बखूबी समझता है। अपना सोशल मिशन पूरा करने के लिये 1983 में 'श्री दगडुलाल मर्दा चेरीटेबल अँड रिसर्च फाऊंडेशन' की स्थापना की। विगत तीन दशकों से भी अधिक समय से 'अरविंद ग्रुप' द्वारा मेडिकल, एज्युकेशनल एवं कम्युनिटी हेल्प सहित अनेक सामाजिक जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रुप द्वारा ''श्री दगडुलाल मर्दा सीएसआर फाऊंडेशन'' की स्थापना करके सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी किया जा रहा है।


KAMALA
In Pursuit of Chasing Excellence
KAMALA GROUP
Kamala Corporation | Kamala Texere | Kamala Creations
Weaving Threads of Prosperity
MANUFACTURERS OF PREMIUM RANGE OF SHIRTING AND ETHNIC GREIGE AND FINISHED FABRICS
We at Kamala Corp aspire to grow as your desired choice for sourcing all sorts of fabrics- from fancy shirting, ethnic to suitings across an array of fibers from cotton, lycra to linen, sustainable fibers, texturised and other yarn blends including bamboo, hemp, etc.
13/1216/1, 'Kamala House', Old Chandur Road, Ichalkaranji 416 115. Dist. Kolhapur (M.S.)
9822452566, 9822732565, 9766487761
info@kamalacorp.com
www.kamalacorp.com

Augustino FASHION CONCEPTS
Our Readymade Brand
PRO SIGMA 9
JITENDRA TEXTILES
AUTHORISED DEALER OF WESTERN MAHARASTRA, KONKAN & GOA
194, Budhwar Peth, Madhavnagar - 416 406 Dist - Sangli (MS.)
Phone : 0233-2310439, Mob.: 094230-36875, 094205-47777
094206-47777, 073876-57779 Email: jtm7777@gmail.com
For New Trade Enquiry:
Bhavesh Mehta 94206-47777
asm industries-india-pvt. ltd.
CADINI ITALY
DM FABRICS

# सम्पूर्ण भारत में अपनी सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध संजय ट्रावेल्स

**इचलकरंजी/** स्थानीय वस्त्र मार्केट में ग्रे फैब्रिक एवं फिनिश फैब्रिक का कार्य बड़े पैमाने पर होता है और इस हेतु यहां कोरियर, बस एवं ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था बहुत अच्छी है। इसी कड़ी में यहां स्थित श्री त्रिपाठी कोरियर काफी पुराना नाम है। इसकी स्थापना स्व. श्री महेश त्रिपाठी द्वारा की गई थी। सरल स्वभाव के धनी श्री त्रिपाठी इचलकरंजी वस्त्र मंडी में इस व्यवसाय में आए और अहम् पहचान स्थापित की। अब त्रिपाठी कोरियर का संचालन उनके सुपुत्र श्री पंकज त्रिपाठी द्वारा देखा जा रहा है। श्री पंकज त्रिपाठी ने अपने पिताश्री से मिले इस व्यवसाय को निरंतर आगे बढ़ाते हुए बस सेवा की शुरुआत की, जो संजय ट्रेवल्स के नाम से संपूर्ण मंडी में विख्यात है। अपने पिताजी से मिले उद्देश्यों पर कार्य करते हुए सरल एवं मधुर स्वभाव लिए श्री त्रिपाठी आज गुर्जर गौड़ समाज में महाराष्ट्र युवा प्रांतीय अध्यक्ष व स्थानीय कापड़ मार्केट के अध्यक्ष पद पर भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे स्थानीय मंडी में बस एवं कोरियर द्वारा संपूर्ण भारत में परिवहन के लिए अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं।

HAPPY Diwali
SANJAY TRAVELS
Way to go!
Tripathi Courier, SRS Travels
Sangeeta Travels, Mahesh Travels
DAILY SERVICE
ICHALKARANJI TO MUMBAI, PUNE
BANGALORE, HYDERABAD


Admin Off: Opposite Bhagatsingh Garden, Tripathi Corner, Ichalkaranji 416 115 (MH)
Ph.: 0230-2424899/ 9823144741/ 9422820000
Mumbai Office:- 250, Kalbadevi Road, 1st Floor, Room No. 11, Hiramahl Near Adarsha Hotel,
Mumbai-02 (MH), Ph.: 022-22061081/ 22090260, Email: pankajmtripathi@hotmail.com

AMBRISH SARDA GROUP
HAPPY Diwali
FESTIVAL OF LIGHTS
AMBRISH
SARDA GROUP
MANUFACTURER
COTTON SHIRTING - SUITING & EXPORT, QUALITY FABRICS
OFFICE- 18/135, Opp. Kalyan Kendra, Industrial
Estate, ICHALKARANJI -416 115 Dist. Kolhapur (M.S..)
Tel. :(O) +91 230 2432386, 2435769
Fax : 0230-2422875, E-mail : amb.sarda@gmail.com
SUNIL: 077091-77700
HARISH: 098228-66600
AMBRISH: 077092-77700
SHREYAS: 097303-90540

Happy Diwali
Manufacturer of Shirting Fabrics
RCM

RAGHAV COTTON MILL
MASTERS IN ALL KINDS OF PROCESS DYED FINISH FABRIC IN 58" WIDTH.
DOBBIES | CHECKS | STRIPES | LINENS | PLAIN SORTS | LYCRAS ETC.
B-5-2, C.S. No. 19333, Near B.J.P. Market,
Behind, Vande Mataram Ground, Opp. Jaju
Appartment, ICHALKARANJI- 416115
Mob.: +91 93717-94741, +91 95525-94741
Email: rakeshkhemani1979@gmail.com

## नित नये इनोवेशन में अग्रणी

# रतन मोती टेक्सफैब

RATANMOTI

**इचलकरंजी/** गुणवत्तापूर्ण फैब्रिक के दम पर देश तथा विदेश में अपनी साख बनाए हुए रतन मोती टेक्सफैब ग्रे फैब्रिक से लेकर फिनिश फैब्रिक का इन हाउस उत्पादन करने वाली कंपनी निरंतर नए-नए इनोवेशन कर रही है। जिसमें **Carbon Fabric, Hybrid Fabric, Canvas Fabric, Filter Fabric, Glass Fabric, Aramid Fabric** का उत्पाद कर सप्लाई कर रही है।

कंपनी के डायरेक्टर श्री पाटनी का कहना है कि आज हम एक कम्पोजिट यूनिट के रूप में स्थापित होने को तैयार हैं, जहां हम सभी फैब्रिक का इनहाउस उत्पादन कर फिनिश फैब्रिक सप्लाई करने में सक्षम हो पाएंगे। इससे हमारी क्वालिटी, गुणवत्ता तथा समय पर डिलिवरी की क्षमता बढ़ेगी। कंपनी आज सभी नामीगिरामी कंपनियों को फैब्रिक सप्लाई कर रही है।

### अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित प्लांट

श्री पाटनी ने बताया कि आज कंपनी के पास सभी अत्याधुनिक मशीनें स्थापित हैं, जिसमें वर्ल्ड क्लास साइजिंग मशीनें हैं और निरंतर इनोवेशन करते हुए 340 सेंटीमीटर की 24 एयरजेट मशीनें भी स्थापित की हैं, जिससे हमारी उत्पादन क्षमता और भी बढ़ जाएगी।

### विस्तृत उत्पाद श्रंखला

कंपनी आज अपने व्यापारियों के प्रोग्राम बेस फैब्रिक बनाने में अग्रणी है। कम्पनी फाइबर काउंट, गेस यार्न, गीजा कॉटन की उम्दा क्वालिटियों को बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। इसके अलावा मोडाल, टेनसिल, लिनन, डेनिम शर्टिंग की काफी क्वालिटियों की डिमांड के साथ डोमेस्टिक से लेकर एक्सपोर्ट मार्केट में छाई हुई है जिसमें ग्रे से लेकर फिनिश फैब्रिक को यूरोप, चाइना, कोरिया, अमेरिका, जापान आदि देशों में बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट कर रही है। इन सभी का अत्याधुनिक रेपियर एवं एयरजेट मशीनों पर उत्पादन हो रहा है। इसकी बदौलत कंपनी को गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा स्टार एक्सपोर्ट हाउस से पुरस्कृत भी किया गया है। उन्होंने कहा कि हम निरन्तर नित नये इनोवेशन में अग्रणी हैं। हम अलग-अलग काउंट में फैब्रिक का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें 39'' से 130'' काउंट एवं 80'' से लेकर 100 तक काउंट का निर्माण होता है। इससे लिनन कॉटन, लिनन विस्कोस, मोडाल, पोली लिनन, गीजा कॉटन का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। हम लिनन फैब्रिक पर विशेष फोकस करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, साथ ही शर्टिंग फैब्रिक में बॉटम वीयर (सूटिंग प्रोडक्ट) पर भी ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। कंपनी के पास इनहाउस टेस्टिंग व सेंपलिंग की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे व्यापारियों को नई-नई सेंपलिंग कर मार्केट में सप्लाई कर रही है।

### आगामी योजना

कंपनी के पास ग्रे से लेकर फिनिश तक क्वालिटी उपलब्ध है। अब कंपनी हाईटेक प्रोसेस हाउस की स्थापना कर रही है, जो दिसम्बर माह से चालू होने को तैयार है। अब कंपनी फिनिश पर अपना विशेष ध्यान देते हुए उच्च गुणवत्तापूर्ण फिनिश की ओर बढ़ रही है।

### टीम वर्क का अहम् योगदान

श्री पाटनी ने टीम वर्क पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी कम्पनी को ऊँचाईयों पर ले जाने में टीम वर्क का होना अति आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारे पास एक सुव्यवस्थित टीम कार्य करती है, जो समय पर डिलिवरी एवं प्रॉडक्शन पर विशेष ध्यान रखती है।





RATANMOTI

RATANMOTI TEXFAB (I) PVT. LTD.
A Govt. Recognized Star Export House
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COMPANY

BCI Better Cotton Initiative | OEKO-TEX® STANDARD 100

HEAD OFFICE: "Ratanmoti House" Gate No. 637, Near Prabhat Ware House
Yadrav Sugar Factory Road, Tardal- ICHALKARANJI, Fax:- 0230-2420081
Mob:- 094220-45622, 097300-45615 www.ratanmoti.com
E-mail:- info@ratanmoti.com, ratanmoti@gmail.com

CORRESPONDENT OFFICE: B-7, BJP Market, Near Vardhman Chowk,
ICHALKARANJI- 416 115 (M.S.) INDIA Tel.: 0230-2420081, 2436877

AHMEDABAD OFFICE: C/FF/8, Sumel Business Park, Behind New Cloth Market,
AHMEDABAD- 380 022. RAHUL PATNI: 097640-02866



LEADERS IN TRADITION OF TEXTILE
PG
PREMLATA

PREMLATA GROUP
Leaders in Tradition of Textile

Manufacturer of Greige and Finish Shirting Fabric of

- Cotton
- Linen
- Lycra
- Tencel
- Cotton Linen
- Lycra
- Viscose Linen
- Tencel Linen

Address:
Premratna, opposite to Asthvinayak Residency, Old Chandur Road,
Ichalkaranji, Kolhapur, Maharashtra 416115

Reach Us at
7498002899, sales.premlatagroup139@gmail.com







microtex
Let's go Green together

COMING SOON AT YOUR SERVICE

State-of-the-Art, Ultra Modern Processing House....

CONTINUOUS BLEACHING, MERCERISING AND DYEING, ROTARY AND DIGITAL PRINTING.

MICROTEX PROCESSORS PVT. LTD.

Plot No.T-77, Kagal-Hatkanangale Five Star Industrial Area,
Village - Talandage 416236, Taluka- Hatkanangale. Dist. - Kolhapur (M.S.) Contact : +91 98230 29226

Promoters : Sachin Zanwar | Kishorekumar Mundra | Sanjay Patani | Chhogalal Vadera | Sandeep Patani



KARL MAYER PLC SIZING UNIT

SWASTIK DENIM

SWASTIK DENIM PVT. LTD.

Plot No. 1-3, Kallappana Awade Co.-Op Ind. Estate
& Integrated Textile Park Ltd., Gat No 637 & 638,
**Tardal. 416 121.** Dist : Kolhapur (M.S.)
Contact : +91 94224 24988

# कपड़ा बाजार का रुख बदलने की बजाय अत्यधिक नीरस : विंटर सीजन के लिए कोर्स काउंट कपड़ों की मांग

मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय... कपड़ा बाजार में त्योहारों की ग्राहकी फेल होने और वैश्विक स्तर पर भारी उथल-पुथल के कारण भारतीय टेक्सटाइल एवं क्लोथिंग की निर्यात मांग घटने तथा इसके कारण स्थानीय बाजार में भारी बिकवाली का दबाव बढ़ने, आर्थिक संकट के अधिक गहरा होने के बाद कारोबारियों और उत्पादक चौकन्ने हो गए है। कारोबारियों एवं उत्पादकों ने आगामी सीजन की मांग को देखते हुए कारोबार के प्रति अतिगंभीर हो रहे हैं। बाजार में एक के बाद एक त्योहारी ग्राहकी अच्छी नहीं रही है। वीवर्स को यार्न के मौजूदा भाव पर कपड़ा बनाकर बेंचने में नुकसान हो रहा है। आमतौर पर श्राद्धपक्ष में कपड़ों का कारोबार घट ही जाता है, लेकिन अब नवरात्री शुरू हो गई है, फिर भी बाजार का रूख पलटने के बदले अत्यधिक नरम और नीरस है। ऐसा कहा जा रहा है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष का अभी तक कोई समाधान नहीं निकल सका है, जबकि यह संघर्ष तकरीबन 20 माह से चल रहा है। इस युद्ध के कारण अमेरिका और यूरोप का अर्थतंत्र धीमा पड़ गया है। वैश्विक मंदी की चौतरफा आहट सुनाई दे रही है। इस बीच तकरीबन एक सप्ताह से अधिक इजराइल और हमास के बीच खूनी संघर्ष शुरू है। इस कारण वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का माहौल बन चुका है। यूरोपियन देशों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। पहले से मंदी और धीमें अर्थतंत्र से जूझ रहे इन देशों के लिए यह कतई अच्छा नहीं है। भले ही भारत से टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग का निर्यात बढ़ाने के लिए खुला मैदान मिला है, लेकिन जारी युद्ध से निर्यात को बढ़ाना मिलना असंभव लग रहा हैं। वित्त वर्ष की पहली तिमाही में टेक्निकल टेक्सटाइल का निर्यात 6.9 प्रतिशत घटा है। इस अवधि में कुल निर्यात 63.1 करोड़ डॉलर है,जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में निर्यात 67.8 करोड़ डॉलर था। द सिंथेटिक एंड रेयान टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के अनुसार टेक्निकल टेक्सटाइल का निर्यात घटने का प्रमुख कारण मैनमेड फाइबर टेक्सटाइल का निर्यात घटना है। एमएमएफ का शिपमेंट 14 प्रतिशत घटकर 133.8 करोड़ डॉलर रहा है। एमएमएफ की मांग 2014-18 के दौरान स्थगित थी। क्रूड तेल के भाव पर मैनमेड फाइबर टेक्सटाइल का भाव तय होता है, परंतु एमएमएफ का भाव कॉटन की तरह अधिक चंचल नहीं होता है। अतः एमएमएफ के भाव में घट-बढ़ ज्यादा नहीं होता है। टेक्सटाइल सस्टेनबिलिटी के लिए एकमात्र उपाय एमएमएफ है। पीएलआई स्कीम प्रगतिशील रही है और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकते है।

बाजार में ग्राहकी का निरंतर अभाव रहने के कारण सूती कपड़ों के भाव लगातार घट रहे है। वीवर्स को कम भाव पर माल निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा है। वीवर्स लागत से कम भाव पर ग्रे-कपड़ा बेंचकर घाटा उठाने से ऊब चुके है। इसलिए इस बात की संभावना बढ़ गई है कि भिवंडी सहित कुछ पावरलूम सेंटरों के वीवर्स कपड़ों का उत्पादन रोकने पर मजबूर हो सकते है इस तरह की रिपोर्ट आनी शुरू हो गई है। पहले लोग पॉलिएस्टर से कॉटन कपड़ों की ओर रूख किया करते थे, लेकिन अब कॉटन में से रेयान मोडाल, टेंसिल इत्यादि में कन्वर्ट होने लगे है। माना जा रहा है कि कोर्स काउण्ट के इन कपड़ों की मांग विंटर सीजन में ग्राहकों के अधिक अनुकूल होते है। विंटर सीजन के कपड़ों को लेकर भरपूर प्लानिंग की गई है। आगामी वैवाहिक सीजन की मांग बाजार में होगी, साथ ही दुर्गा पूजा, दशहरा और दीपावली की ग्राहकी बाजार में निकलने की संभावना बढ़ गई है। दीपावली ग्राहकी थोक बाजारों में पूरी हो चुकी है। यदि खुदरा ग्राहकी अच्छी रहती है, तो बाजार करवट ले सकता है। आगामी फर्निशिंग और बेडशीट्स की मांग अच्छी रहने की उम्मीद की जा रही है। फर्निशिंग में मुनाफा अच्छा मिलने के कारण उत्पादक अधिक है। सोफा और पर्दे की अनेक नई वैराइटी बाजार में उतारी जा रही है, इतना ही नहीं बड़े ऑर्डर के लिए फर्निशिंग उत्पादक कैटलॉग बनाकर सीधे ग्राहकों को माल बेंचना पसंद कर रहे हैं। कारोबार में इस तरह की प्रवृत्ति पनपने से होलसेलर की मौजूदगी नहीं है। भाव स्थिर है लेकिन नये कैटलॉग के भाव थोड़े बढ़कर आ रहे हैं।

साड़ियों में कारोबार सामान्य बना है। आगे वैवाहिक सीजन में कारोबार अच्छा होने का अनुमान होने से रिटेलर्स नई वैराइटी की साड़ियों का स्टॉक बढ़ाना शुरू कर दिया है। इनमें सूरत की मीडियम और ऊँची क्वालिटी की साड़ियों के साथ कम कीमत की साड़ियाँ शामिल हैं, लेकिन कुछ हटकर अच्छी वैराइटी की साड़ियों में सिल्क साड़ियों की कोई सानी नहीं है। इस तरह की साड़ियाँ पसंद करने वालो के लिए अनेक विकल्प मौजूद है, जिनमें कोयम्बटूर की कांजीवरम सिल्क, वाराणसी की बनारसी सिल्क, आंध्रप्रदेश का पटोला, आंध्रप्रदेश का पोचनपल्ली और आंध्रप्रदेश का ही उपाडा शामिल है। जहाँ कांजीवरम सिल्क लोकप्रियता के मामले में सबसे आगे है और बाजार में इसका वर्चस्व बना हुआ है, लेकिन अन्य सिल्क साड़ियों में मांग अच्छी रहती है। सूटिंग और फिनिश शर्टिंग की मांग कमजोर है तथा भरपूर माल उपलब्ध है लेकिन ग्राहकी नहीं है। आगामी ग्राहकी को लेकर व्यापारियों में थोड़ा उत्साह है, परंतु यह उत्साह सिर्फ नामचीन मिलों की सूटिंग में देखा जा रहा है। सूटिंग की अग्रणी मिलों के पास अच्छा ऑर्डर बताया जा रहा है। कॉम्बो पैक की मांग जरूर बढ़ी है। इसमें सियाराम और डोनियर की कॉम्बो पैक को अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है। फैंसी शर्टिंग में कारोबार सामान्य परंतु अच्छा है। बिक्री में सुधार की उम्मीद है। वहीं प्रीमियम शर्टिंग में पूरजोर ग्राहकी है। आयातित यार्न का भाव बढ़ने के बाद लिनन शर्टिंग का भाव 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ गया है। 60 लिनन का भाव 425-450 रू. से बढ़कर 500 व 550 रू. है। प्रीमियम शर्टिंग में 2-180 और 2-170 की मांग है।

## वस्त्रोद्योग में उतार-चढ़ाव से अनुदान की माँग

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े...** समस्त वस्त्रोद्योग को देखते हुए इस श्रृंखला का रास्ता बड़ा कठिन दिखाई दे रहा है। कपड़े और सूत का उठाव व दर भी अच्छी नहीं हैं। जिसके चलते शासन की ओर से ऐसी मांग हो रही है कि इनको अनुदान मिलें साथ हीं वस्त्रोद्योग को दिया जाने वाला अनुदान सिर्फ एक ही घटक को न दिया जाकर सभी घटकों को अनुदान मिलने की जरूरत है ऐसी मांग पावरलूमधारकों की ओर से भी की जा रही हैं। कपास, सूत और कपड़े में चल रहे उतार-चढ़ाव से पूरा वस्त्रोद्योग अस्थिर है। मंदी के चलते सभी घटकों पर इसका असर दिख रहा है। कई पावरलूमधारक अपने कारखाने बंद कर रहे हैं। तथा कईयों ने अपने पावरलूमों की बिक्री भी की। इस स्थिती से बाहर निकलने के लिए शासन द्वारा वस्त्रोद्योग के सभी घटकों को अनुदान देना चाहिए। ज्यादातर सूत घिरने के पीछे राजकीय पावर है। जिससे उनकी मांगे मान ली जाती है। वस्त्रोद्योग को हजारों-करोडों का अनुदान देने की बात सरकार करती है लेकिन, इसमें से सूत का घिरना कितना और पावरलूम का कितना यह आँकड़ा जाहीर करे तो तभी स्पष्ट होगा। ऐसा पावरलूमधारक जाग्रति संगठन के अध्यक्ष श्री विनय महाजन ने कहा। शासन की ओर से सूत घिरने पर अनुदान देने के लिए किसी का विरोध नहीं है बल्कि उसके साथ पावरलूम, सायझिंग, प्रोसेसर्स के साथ कामगारों की भी कुछ मिले ऐसी अपेक्षा व्यक्त कर रही है। बिजली दर की सहुलियत के बारे में सिर्फ घोषणा हो रही है। इसमें पावरलूमधारकों के हाथ में कुछ भी नहीं आया। वस्त्रोद्योग का काम करने वाले सभी घटकों के कामगारों को बांध काम कामगारों की तर्ज पर सुविधा मिले तभी इस क्षेत्र में कामगार रहेंगे। इसके लिए शासन कोशिश करे ऐसी मांग हो रही है।

**सहकारी सूत घिरावट पर बैठक-** सहकारी सूत की अलग-अलग समस्याओं को लेकर इचलकरंजी में बैठक का आयोजन किया गया। जबकि इसमें दीपावली के 15 दिन बाद सूत घिरनी को बंद रखने पर चर्चा हुई। लेकिन इस पर अंतिम फैसला राज्य स्तर पर हुई बैठक में लिया जाएगा।
















Specialised In
Fancy Shirtings & Suitings

Manufacturer of
Grey & Finish Fabrics

A
4001™

# Ashoka Group

शुभ दीपावली



C/O
PARASKUMAR KANTILAL JAIN
PRATIK PARASKUMAR JAIN
RAVI JAMBUKUMAR JAIN





*Quality Never Goes Out of Trend...*

425/2, Near Laxmi
Venkatesh Nagar,
Old Chandur Road,
ICHALKARANJI- 416115 (Mah.)
Phone No.: +91 9823474745
+91 9011474745



